हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026



# 1.49 करोड़ की ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग ठगी, आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

## कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात, नेपाल तक फैला साइबर साम्राज्य, पुलिस ने खोला हाई-वैल्यू डिजिटल मनी ट्रेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंबागढ़ चौकी के पेट्रोल पंप व्यवसायी युवक की शिकायत से शुरू हुई 1.49 लाख रुपए की ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग ठगी मामले की जांच और गिरफ्तारी ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की पुलिस को एक ऐसे नेटवर्क तक पहुंचा दिया। जिसकी डोर कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात, नेपाल तक जुड़ी हुई है। इस ठगी के बड़े मामले में फर्स्ट चैनल वन के 6 आरोपी हिरासत में लिए गए हैं।

एसपी वायपी सिंह ने बताया कि प्रार्थी कुनाल अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 14 गंज लाइन अंबागढ़ चौकी द्वारा दिनांक थाना अंबागढ़ चौकी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 9 नवंबर से 6 दिसंबर के मध्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल नंबर के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर पंजाब नेशनल बैंक एवं एचडीएफसी बैंक खातों से कुल एक करोड़ उन्चास लाख पचास हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 318 (4), 317 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। तकनीकी विशलेषण के आधार पर पाया गया कि आरोपी द्वारा प्रार्थी से 5 विभिन्न खातों में पैसा डलवाकर उन पैसों को अन्य खातों में ट्रांसफर कर चेक के माध्यम एवं एटीएम के माध्यम से पैसा निकासी किया गया है, जिस आधार पर बैंक के खाताधारकों एवं मोबाइल नंबर धारको की लगातार पतासाजी किया गया। टीम द्वारा तकनीकी विशलेषण कर उक्त राज्यों में रेड कार्रवाई कर 6 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

⏩ शेष पेज 12 पर

### यह आरोपी गिरफ्तार

मनोज कुमार 27 साल जिला बैंगलोर कर्नाटक, सनातन मंडल 32 साल साकिन उधम सिंह नगर उत्तराखंड, योगेन्द्र सिंह 25 साल दिनेशपुर उधम सिंह नगर, युसुफ संधवानी 21 वर्ष राजकोट गुजरात, राहुल गुप्ता 26 साल साकिन जिला अहमदाबाद गुजरात, गौतम भाई बागड़ा 20 साल जिला सूरत गुजरात से विभिन्न कंपनियों के 07 नग मोबाइल और 10 सिम कार्ड, विभिन्न बैंकों के चेकबुक, पासबुक एवं एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।



### चार राज्यों में पहुंची पुलिस

एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देश में एडिशनल एसपी चिराग जैन के नेतृत्व में निरीक्षक बृजेश सिन्हा, साइबर क्राईम प्रभारी राजीव तिवारी, अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम ने ठगी की रकम को ट्रैक किया। जिसमें पाया गया कि रुपए पंजाब नेशनल बैंक व एचडीएफसी के जरिये अलग-अलग खातों में भेजे गए थे। रकम परत-दर-परत ट्रांसफर की गई। चेक से निकासी, एटीएम से कैश विड्रॉल कर आगे नेपाल कनेक्शन तक भेज दिया गया। आरोपियों को आंध्रप्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र में तफ्तीश कर हिरासत में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मृत मिली महिला की शिनाख्ति, जांच जारी

**राजनांदगांव**। अछोली नाले आम बगीचा के पास मिले मृत मिले महिला की पुलिस ने शिनाख्ति कर ली है। इस मामले में जांच पड़ताल तेज कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अछोली नाला आम बगीचा के पास एक महिला का शव देखा गया था। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई थी। महिला के सिर पर गंभीर चोंट के निशान थे। पुलिस इस मामले में महिला की शिनाख्ति का प्रयास कर रही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला की शिनाख्ति कर ली गई है। मृतिका ग्राम चौथना निवासी है। इस मामले में पूछताछ एवं जांच पड़ताल जारी है। माना जा रहा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### 18 मार्च को निकलेगी सनातन एकता यात्रा



**राजनांदगांव**। सनातन धर्म महासभा सर्व हिन्दू समाज द्वारा 22 फरवरी को बागेश्वर मंदिर जीई रोड़ में शाम 4 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सहमति से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 नवरात्र की पूर्व संध्या 18 मार्च को शाम 4 बजे बालाजी मंदिर गंज लाइन से भव्य सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर व नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरव खंडेवाल ने बताया कि इस वर्ष सनातन एकता यात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ते भव्य रूप से भगवान राम, हनुमान व भारत माता की झांकी के साथ सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। बैठक का शुभांरभ भगवान भोलेनाथ, हनुमान के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक की अध्यक्षता डॉ. डीसी जैन की अध्यक्षता में हुई। सभा का संचालन सौरव खंडेलवाल ने किया। बैठक में जगदीश दुबे, संजय अग्रवाल, हरिश भानुशाली, तरनदीप सिंह, अमित खंडेलवाल, संजय साहू, गणेश देवागंन, दयाराम देवागंन, विनोद यादव, संजय पुरोहित, दिनेश वैष्णव, महेश खंडेलवाल, टीनू जैन, राजकुमारी महोबिया, पुष्पा यादव, सविता बोस, चेतन सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, अनिता काशी व अन्य लोग शामिल थे।

## जिले में अलग-अलग मांगों को लेकर एनएच पर दो चक्काजाम, दोनों में आश्वासन बाद माने ग्रामीण

# पैसे निकालने बैंक पहुंचने 20 किमी के सफर से किसान परेशान, बैंक शाखा के लिए चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारभांठा

पिछले दो दशकों से की जा रही उपेक्षा और शासन-प्रशासन के झूठे आश्वासनों से आक्रोशित होकर आज ग्राम चारभांठा सहित आसपास के दर्जनभर गांव के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। किसानों का कहना है कि उन्हें अपने पैसे को निकालने के लिए ही 15 से 20 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। ऐसे में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा यहां खोली जाए। उक्त मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने नेशनल हाईवे पर चिरचारी के पास चक्काजाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

सुबह करीबन 11 बजे शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान डेढ़ से दो घंटे तक चक्काजाम की स्थिति रही, जिसे पुलिस और प्रशासन के अफसरों के आश्वासन बाद समाप्त किया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि ग्राम चारभांठा में बैंक शाखा खोलने की मांग पिछले 15 से

⏩ शेष पेज 12 पर



### आश्वासन से संतुष्ट नहीं ग्रामीण

सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और युवा हाईवे पर जुटना शुरू हो गए थे। देखते ही देखते जनसैलाब उमड़ पड़ा और प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई दफा बैंक शाखा खोलने के लिए आश्वासन दिए जा चुके हैं, ऐसे में इस बार आश्वासन नहीं, बल्कि आदेश की प्रति से ही आक्रोश समाप्त होगा।

### जामः अटकी बसें-मालवाहक

चक्काजाम के कारण यात्री बसें, मालवाहक ट्रक और निजी वाहन घंटों फंसे रहे। सूचना मिलते ही पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। हंगामे और जाम की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। उनकी मांग को जायज करार देते 2 महीने के अंदर बैंक की स्थापना करने का आश्वासन दिया।

### लंबे सफर से किसान परेशान

किसानों का तर्क है कि उन्हें अपने पैसे के लिए 15 से 20 किमी का सफर तय करना पड़ रहा है। उतने लंबे सफर के बाद भी भीड़ के कारण कई बार किसानों का कम अटक जाता है। लगभग 15 गांव का केंद्र होने के कारण यहां बैंक खुलने से किसानों को सीधा लाभ होगा। पेंशन, सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए दूर नहीं भटकना पड़ेगा।

## चिटफंड कंपनी एवीएम के खिलाफ चक्काजाम एफआईआर की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिटफंड कंपनी एवीएम रियल स्टेट एंड एलाइड के जाल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई लूटा चुके निवेदक लंबे समय से अपने रुपए वापस पाने की आस में संघर्ष कर रहे हैं। बड़ी संख्या में आज राजनांदगांव सहित दुर्ग जिले के निवेशक एकत्रित हुए और सोमनी थाना क्षेत्र के टेडेसरा में धरना प्रदर्शन करते चक्काजाम कर दिया।

इस दौरान एवीएम के चेयरमैन आरपी द्विवेदी, अनिल साहू, महेंद्र साहू, राजेश देशमुख एवं आशुतोष द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रुपए वापस दिलाने मांग की गई। निवेशकों के लाखों रुपए जमा कराकर उनसे ठगी के मामले को लेकर चिटफंड कंपनी एवीएम रियल स्टेट एंड एलाइड लिमिटेड़ के खिलाफ निवेशित राशि की वापसी, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर टेडेसरा में धरना प्रदर्शन और चक्काजाम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी और थाना प्रभारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर जल्द कंपनी के लोगों पर एफआईआर दर्ज कर

⏩ शेष पेज 12 पर



### मैच्योरिटी के बाद भी रुपए वापस नहीं

निवेशकों ने बताया कि वर्ष 2010 में एवीएम रियल एस्टेट से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा 5 वर्ष में राशि दोगुनी करने का आश्वासन देकर सैकड़ों लोगों से रुपए निवेश कराए गए। वर्ष 2015-16 में परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के पश्चात भी किसी की जमा राशि का भुगतान नहीं किया गया। अधिकांश निवेशकों ने अपनी जीवनभर की बचत, कृषि आय तथा पारिवारिक आवश्यकताओं हेतु संचित धनराशि इस विश्वास के साथ निवेश की थी कि निर्धारित समय पर राशि वापस प्राप्त होगी। कई बार संपर्क करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### पुनः चक्काजाम की चेतावनी

तहसीलदार द्वारा हर संभव मदद करने की बात कही गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं किया गया तो थाना का घेराव एवं पुनः चक्काजाम किया जाएगा।

## शराब कोचियों के खिलाफ केसीजी पुलिस का अभियानः सप्ताहभर में 68 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



केसीजी जिले में आगामी होली पर्व के मद्देनजर अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सप्ताहभर में आबकारी अधिनियम के मामले में कुल 68 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार केसीजी जिले में आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर अपराधों पर अंकुश लगाने आबकारी अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शराब कोचिया, शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध केसीजी पुलिस द्वारा प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। आगामी दिनों भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### जारी रहेगा अभियान

पुलिस के अनुसार केसीजी जिले में बीते सप्ताह 36(च) के 41 प्रकरण, 36(सी) के 9 प्रकरण, 34(1) के 10 प्रकरण, इस प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 61 लीटर शराब जब्त किया गया व कुल 68 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पुलिस का उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। बताया गया कि इस दौरान पुलिस नशामुक्ति हेतु आम जनता से अपील भी कर रही है। पुलिस के इस अभियान से हड़कंप मचा हुआ है।

## जंगल रास्ते से मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखाना ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जंगल रास्ते से मवेशियों को कत्लखाना ले जाए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो आरोपियों को पकडा। जिनसे 2 नग मवेशी बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार केसीजी जिले के गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल रास्ते से मवेशियों को कत्लखाना की ओर ले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने 22 फरवरी को पशु तस्करी करते आरोपी कुदरत खान 32 साल निवासी टीमकीटोला जिला बालाघाट मध्यप्रदेश, भुनेश्वटर बघेल 35 साल निवासी गाडाघाट जिला केसीजी को 2 नग मवेशी को खैरागढ़ की ओर से जंगल के रास्ते कत्लनखाना ले जाते हुए पकड़ा।

### मवेशी व बाइक बरामद

पुलिस के अनुसार पहाड़ी जंगल गातापार में दो नग भैंस को क्रूरतापूर्वक पैर एवं गला में रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के लाठी-डंडा से मारते कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपी भुनेश्वेर बघेल के कब्जे से एक नग भैंस एवं एक नग पडवा कीमती 11000 रुपए एवं 3 नग प्लास्टिक रस्सी व कुदरत खान से होंडा साइन मोटर साइकिल को जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का धारा-11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान पहुंचा 31 डिग्री पर

# बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से बेमौसम बारिश चार डिग्री लुढ़का पारा, आज भी बारिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से सोमवार को अंचल में बेमौसम बारिश देखने को मिली। सुबह करीबन आधे घंटे की बारिश के बाद दिनभर तापमान में कमी देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार अंचल के अधिकतम तापमान में महज 24 घंटे के भीतर ही चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आज भी विभाग ने अंचल में हल्की बारिश की आशंका जताई है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही मौसम विभाग ने प्रदेश के बस्तर संभाग एवं मध्य छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश होने की संभावना जताई थी। जिसके अनुसार सोमवार को अंचल में बारिश देखने को भी मिली। इधर अब मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके लगातार उत्तर पूर्व दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में कमजोर होने की संभावना है। एक द्रोणिका गंगेटिक पश्चिम बंगाल से उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश तक उड़ीसा होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### दो डिग्री और लुढ़केगा पारा

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज बने मौसम के हालत के अनुसार अंचल में दिन का तापमान यानी अधिकतम तापमान में दो डिग्री की और गिरावट संभावित है। ज्ञात हो कि सोमवार को अंचल का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से लुढ़ककर 31 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम पारा 18.5 डिग्री पर है।

### न्यूनतम तापमान में नहीं होगा परिवर्तन

प्रदेश में कल 24 फरवरी को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### मांय एंगल




संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जालबांधा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जालबांधा एवं अतरिया में नैशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ के मार्गदर्शन में डॉ. अक्षय तिवारी स्टेट कंसलटेंट यूनिसेफ, कविता चंद्राकर डिवीजनल क्वालिटी कंसल्टेंट, प्रीतिका पवार डीपीएचएन एवं डॉ. अविनाश पाठक इंचार्ज, डॉ. मोहम्मद असलम चिकित्सा अधिकारी, मृदुला सिद्दीकी आरएमए एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

### मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**छुरिया।** छुरिया विकासखंड के ग्राम आटरा निवासी हेमलाल निर्मलकर पिता सुमेरी लाल निर्मलकर की शाम को बुचाटोला से बंजारी मार्ग के आसपास रविवार को संध्या अज्ञात वाहन की ठोकर मारने से घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया लाया गया जहां डॉक्टर ने जाँच उपरांत मृत घोषित कर दिया । जिसके बाद जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की पहल पर तत्काल आर्थिक सहायता के रूप मे उनके घर जाकर मृतक के मां श्रीमती शांता बाई को दस हजार रुपए नगद तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर बलराम साहू ग्राम पटेल, नैनसिंह पटेल उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरिया,पी. आर.साहू, टीकम साहू सहित ग्राम के माताएं मौजूद रही ।

### घोटिया गोड़ी कोया पूनेम गाथा में पहुंची विधायक



**डोंगरगढ़।** ग्राम घोटिया में आदिवासी संस्कृति को बचाने तीन दिवसीय ध्रुव गोड़ समाज मुड़ा परिक्षेत्र शिवपुरी गोंड़ी पुनेम गोंड़ी धर्म दर्शन (गोंड़ी गाथा) खोया पुनेम गाथा कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उनके पहुंचते ही आदिवासी संस्कृति सभ्यता के साथ पीला गमछा के पगड़ी, महुआ फूल के माला बैंच, पीला चावल से तिलक लगाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। तत्पश्चात बूढ़ादेव मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। सिवनी मध्यप्रदेश से पधारे कथावाचक दादा शंकर शाह ईरपाची द्वारा एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग को संगठित रहने पर बल दिया। विधायक और सभी अतिथि कथा को ध्यान से सुना और गांव वाले का हालचाल जाना। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ पंचराम चंदेल डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुरेश सिन्हा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नीरज छेदैया जनपद सदस्य, संजय उईके सरपंच ग्राम पंचायत घोटिया, दानीराम मंडावी अध्यक्ष मुड़ा परिक्षेत्र शिवपुरी, सामसाय टांडेकर, राजू राजपूत, बिशनाथ कंवर, छगन कंवर, शिवकुमार मंडावी, सावित्रीबाई, नरोत्तम नेटी, अमेरिकाबाई, हेमलता मंडावी, शीतल ठाकुर ढारा, आनंद सोरी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 25 से

**गंडई पंडरिया।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास ने गंडई नगर में 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा है। यह शिविर 25 फरवरी से 25 मार्च तक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पंडरिया रोड में संचालित होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए प्रशिक्षण दो सत्रों में होगा।

# बेमौसम बारिश से रबी एवं सब्जी की फसल उत्पादक किसानों को क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

आज सुबह नगर एवं क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से रबी एवं सब्जी का फसल लेने वाले किसानों को काफी क्षति का सामना करना पड़ा है। किसानों की माने तो बारिश से लाखडी, चना व सोयाबीन का फसल लेने वाले किसानों को बेमौसम बारिश से क्षति हुई है। जबकि टमाटर एवं हरी सब्जी का उत्पादन करने वाले किसानों की फसल खराब होने की शिकायत है।

आज सुबह से मौसम में आए परिवर्तन के बाद सुबह दस बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। नगर के अलावा चिल्हाटी आमाटोला व रेंगाकठेरा, बांधा बाजार क्षेत्र में एक से दो घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पडा है। बागनारा के कृशक षमीमुद्दीन कुरैषी एवं मोनू कुरैषी ने बताया की उनके पपीता की फसल चौपट हो गई। जबकि बांधाबाजार जोरातराई में टमाटर एवं सब्जी का फसल उगाने वाले कृषक कोमल सिन्हा ने बताया की टमाटर के पौधे बेमौसम एवं भारी बारिश से जमीन पर लेट गए है। जबकि अब सब्जी में कीड़े लगने लगेंगे। उसी तरह चौकी के कृषक महेश निषाद ने बताया की बेमौसम बारिश से लाखडी , सोयाबीन एवं चना के फसल को काफी नुकसान पहुचा है। इसी तरह नदी किनारे सब्जी का उत्पादन करने वाले कृषक रामसहाय पटेल, निजाम साय, बल्लू निषाद, रमेश पटेल, सुखदेव पटेल, दयालु पटेल, त्रिवेणी पटेल, जसवंत पटेल, नारायण पटेल, रूखमन पटेल, देवीलाल पटेल ने बताया अचानक हुई बारिश व तेज हवाओ से उनके सब्जी के फसल को काफी नुकसान का सामना करना पडा है।

## मौसम में परिवर्तन एवं बारिश की संभावना को देखते हुए किसान भयभीत





### प्रशासन ने किया अलर्ट

अंबागढ़ चौकी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक रामकिशोर बंसोड ने बताया की मौसम में आए बदलाव को देखते हुए उन्होंने बारिश से पूर्व ही उन्होने खुले में रखे हजारो कट्टा धान को बचाने के लिए अच्छी तरह से ढक कर पूरी तरह केप कवर कर लिया था। जिससे वे एक बडी क्षति से बच गए। अंबागढ़ चौकी की तरह ही अन्य सोसायटियों से भी यह सूचनाए है कि प्रशासन के अलर्ट के बाद उन्होंने बारिश से धान को बचाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद थे।

### सोसायटियों की मुश्किलें बढी

ब्लाक की सभी सोसायटियों में अभी धान का उठाव नहीं हुआ है। धान अभी भी खुले में रखे हुए है। आज सुबह हुए मौसम में परिवर्तन एवं बारिश की संभावना को देखते हुए सोसायटी कर्मचारी सुबह से अलर्ट हो गए थे। बारिष शुरू होने से पूर्व ही मंडी कर्मचारियों ने खुले में रखे धान को बारिश से बचाने के लिए को केप कवर कर लिया था जिससे बारिश से होने वाली क्षति से सोसायटी पुरी तरह बच गए है। लेकिल मौषम में हुए परिवर्तन को देखते हुए सोसायटी कर्मचारी भयभीत भी है। कहीं बारिश ज्यादा हुई तो उन्हे नुकसान का सामना करना पड सकता है।

## वन रक्षकों की मौन सहमति से फल-फूल रहा अवैध कारोबार?

# फारेस्ट अफसरों के इशारे पर ठाकुरटोला परिक्षेत्र में सागौन की अंधाधुंध कटाई

## विभाग के अधिकारी जवाबदेही से झाड़ रहे पल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

एक तरफ केंद्र और राज्य सरकारें एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही हैं, वहीं दूसरी ओर गंडई वन परिक्षेत्र में वन माफिया सरकारी दावों की धज्जियां उड़ा रहा है। गंडई वन विभाग के अंतर्गत आने वाले ठाकुर टोला परिक्षेत्र के (कक्ष क्रमांक 105) में बेशकीमती सागौन के पेड़ों पर बेखौफ कुल्हाड़ी चल रही है, और जिम्मेदार अधिकारी जानकारी नहीं है का राग अलाप कर अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं।

### 50 से अधिक ठूंठ दे रहे गवाही, मिट्टी लगाकर छुपाने की नाकाम कोशिश

ठाकुर टोला बीट के कक्ष क्रमांक 105 में जमीनी हकीकत डराने वाली है। यहाँ 50 से अधिक सागौन और अन्य इमारती पेड़ों के ठूँठ बिखरे पड़े हैं जानकारों के अनुसार यहां कई सालों से लगातार झुटपुटा कटाई हो रहा है माफिया इन्ही पेड़ो को कटाई कर मोटी रकम कमा रहे है । ताज्जुब की बात यह है कि महज 4 दिन पहले ही 2 से 3 विशाल सागौन के वृक्षों को और धराशायी किया गया है। अपनी चोरी छिपाने के लिए वन माफियाओं ने कटे हुए ठूँठों पर गीली मिट्टी का लेप लगा दिया है, ताकि दूर से देखने पर ये पुराने लगें या नजर न आएं।



### सरकार की योजनाओं का मजाक

जहाँ एक ओर वुमन फॉर ट्री और वृक्षारोपण की योजनाओं पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, वहीं पुराने और कीमती वनों को माफिया निगल रहे हैं। अगर शासन-प्रशासन इसी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया रहा, तो जल्द ही ठाकुर टोला बीट के कक्ष क्रमांक 105 से पेड़ों का नामोनिशान मिट जाएगा।



### जिम्मेदारों के गोलमोल जवाब

जब इस गंभीर मामले पर अधिकारियों से बात की गई, तो उनके जवाब प्रशासन की गंभीरता की पोल खोलते नजर आए। डिप्टी रेंजर ठाकुरटोला विकास हिरनवार से मोबाइल पर संपर्क करने पर उनका कहना है कि कार्यवाही की जा रही है और दस्तावेज उच्च अधिकारियों को भेजे जाएंगे। वन विभाग के एसडीओ एम.एल. खूंटे से मोबाइल पर सम्पर्क करने पर उन्होंने साफ कह दिया कि मुझे लकड़ी कटाई की जानकारी नहीं है, संबंधित बीट से पूछना पड़ेगा।

### टिम्बर मार्ट से कबाड़ गाड़ियों से परिवहन

सूत्रों की मानें तो यह खेल अकेले नहीं चल रहा। प्रतिदिन टिंबर मार्ट से कंडम गाड़ियां गंडई क्षेत्र में दाखिल होती हैं। इन गाड़ियों में अवैध तरीके से काटी गई लकड़ियों को भरकर गंतव्य तक पहुँचाया जाता है। सवाल यह उठता है कि क्या राजस्व, वन विभाग, पुलिस और पंचायत विभाग की आँखों पर पट्टी बंधी है? आखिर क्यों आज तक इन गाड़ियों पर कोई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही नहीं हुई? सड़क किनारे लगे हरे भरे पेड़,खेतो में लगे पेड़ और जंगलों से पेड़ो की अंधाधुन्ध कटाई करवाकर इन्ही गाड़ियों में लादकर गंडई क्षेत्र से पार कर दिया जाता है।

# राशन दुकान के चावल की खुलेआम कालाबाजारी



**डोंगरगढ़।** शहर के राशन दुकानों से जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को राशन की चावल की कमी बताकर उनकी थाली से निवाला छीना जा रहा है। वही भंडार गृह से सैकडों कट्टा चावल की बोरी गायब कर राशन दुकानोंदारों ने अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर कम कीमत के चावलों को खुले मार्केट में दोगुने दामो में बेचकर मोटी रकम कमाई है। बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद जांच में जवाबदार अधिकारियों ने जांच में गड़बड़ियां पकड़ने के बाद फर्जी तरीके से स्टॉक बताने वाले राशन दुकान संचालाकों से राशि जमा करवाकर मामले को रफादफा कर दिया है। वर्तमान में डोंगरगढ़ शहर सहित कुछ ग्रामीण राशन दुकानों मे अभी भी गड़बड़ी की कार्रवाई यथावत है। पिछले एक साल में राशन दुकानों से अवैध रूप से चावल निकासी के बाद कई बार प्रशासनिक अमला ने छापामार कार्रवाई कर शासकीय राशन दुकानों की जब्ती भी बनाई है। चावल कहां से लाया गया, कहां खपाया जा रहा था, इसकी जांच तो दूर समय के साथ पकड़े गए चावल पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों की भी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठाता है। बताया जा रहा है कि राशन के चावल की कालाबाजारी में शहर के कुछ बड़े राईस मिलर्स भी मिले हुए हैं और इस पूरे कारोबार में चेलर सिस्टम से रिंग बनाकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है।

# नन्हें हाथों ने दिखाया कमाल, पीएमश्री स्कूल में मना बैगलेस डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- बैगलेस-डे और कौशल विकास कार्यशाला

पीएमश्री स्वर्गीय लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय स्कूल में बैगलेस-डे और कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य पवन कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किताबी बस्ते को किनारे रख अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यशाला में बच्चों ने मिट्टी व बांस शिल्प से कलाकृतियां बनाई और रेजिन आर्ट से दीवार घड़ी तैयार की। फायरलेस कुकिंग में ओरियो चॉकलेट, भेल और केक बनाकर बच्चों ने वाहवाही लूटी। कबाड़ से जुगाड़ मॉडल के तहत खराब बोतलों और स्टिक से सजावटी सामान बनाए गए। वहीं व्याख्याता नंदनी जांगड़े ने खेल-खेल में विज्ञान के प्रयोग समझाए। प्राचार्य ने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते उन्हें आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में शिक्षक स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



## कार्यशाला का भी आयोजन

# मानव श्रृंखला बनाकर मना विश्व चिंतन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बेडेन पावेल एव लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन विश्व चिंतन दिवस दिवस हीरक जयंती के उपलक्ष्य में संगठन के मूल्यों एवं योगदान के लिए संगोष्ठी मानव श्रृंखला सामूहिक प्रतिज्ञा एव 01 दिवसीय स्काउट गाइड कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन सँयुक्त रूप से जिला संघ राजनांदगांव एवं विकास खण्ड संघ डोंगरगढ़ द्वारा बौद्ध विहार डोंगरगढ़ राजनांदगांव में किया गया।

जिसमे उमेश हथेल जिला अध्यक्ष, महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त, दविंदर सिंह भाटिया विकास खण्ड अध्यक्ष, जिला आजीवन सदस्य संतोष खंडेलवाल, मिलन टेम्भूरकर, विकास अम्बादे, विनोद हथेल, देवेन्द्र अम्बादे जिला सचिव, मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट, मुन्ना लाल साहू सक्रिय सहभागिता रही। राकेश भावते जिला उपाध्यक्ष रोवर स्काउट लीडर ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बेडेन पावेल एव लेडी बेडेन पावेल के चित्र में दीप प्रज्वलित एव पुष्प अर्पित कर किया गया।



### जीवन में स्काउट की सार्थकता पर संगोष्ठी

जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल ने स्काउट गाइड की उपलब्धि एवं जीवन मे इसकी सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष उमेश हथेल ने अपने स्कूल जीवन के स्काउटिंग से परिचय कराते हुए आज की स्काउटिंग पर अनुभव साझा किया एवं एक स्काउट से जिला अध्यक्ष पद की यात्रा से अवगत कराया। दविंदर सिंह भाटिया सहायक राज्य आयुक्त स्काउट राज्य मुख्यालय रायपुर एवं विकास खण्ड अध्यक्ष ने स्काउट गाइड के विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला से सीमित संसाधनों मितव्ययिता को परिभाषित करते हुए स्काउट गाइड नियम का महत्व बताया। मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट विनोद हथेल ए एल टी स्काउट ने स्काउट गाइड नियम प्रतिज्ञा संगठन की जानकारी देते हुए उस पर आधारित क्विज प्रतियोगिता करवाई। सभी पदाधिकारियों सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने सामुहिक प्रतिज्ञा ली।

### जंबूरी के प्रमाण पत्र वितरित

मानव श्रृंखला बनाकर एकता एवं भारत स्काउट गाइड संगठन का प्रचार प्रसार कर स्काउट गाइड के लिए आज के दिवस को सह उल्लासपूर्ण मनाया। साथ ही प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 बालोद छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

# कुलपति त्रिपाठी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन हेतु पहुंचे राजा शंकर साय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आईपी त्रिपाठी का भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं मंदिर समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा डोंगरगढ़ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरविंदर एस. मंगे, पूर्व महामंत्री संतु राव, युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़, मनीष चक्रबर्ती, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे सहित मंदिर समिति के प्रकाश बिंदल उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलपति का अभिनंदन किया। दर्शन उपरांत कुलपति के साथ विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।



# होली पर शराब दुकान खोलने के निर्णय के खिलाफ फूटा गुस्सा

## गंडई में फूंका मुख्यमंत्री साय का पुतला




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा होली के पावन पर्व पर शराब दुकानें खुली रखने के निर्णय के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर नगर के मुख्य तिरंगा चौक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, दिलीप आगरे, चेतन देवांगन, दामोदर जायसवाल, अमित टंडन, नारायण चतुर्वेदी, तामेश्वर साहू, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की।

### पुलिस के साथ झूमाझटकी

दोपहर 3 से 4 बजे के बीच आयोजित इस प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद था। पुतला दहन रोकने के लिए पुलिस ने घेराबंदी की थी, लेकिन आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक झूमाझपटी चलती रही। अंततः पुलिस के कड़े विरोध के बावजूद कांग्रेसी मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने में सफल रहे।

### त्योहार की गरिमा बिगाड़ने का आरोप

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल ने सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की होली हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जिसे सभी वर्ग के लोग प्रेम और सौहार्द के साथ मनाते हैं। ऐसे पवित्र दिन शराब दुकानें खुली रखकर भाजपा सरकार असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इससे हुड़दंग, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं बढ़ेंगी, जिससे आम जनता और खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी।



## खबर संक्षेप

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

खड़गांव। बिना हेलमेट और शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खड़गांव क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक संजय यादव ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी जनता जनार्दन को सूचित किया जाता है कि बिना हेलमेट पहने हुए, बिना लाईसेंस, तीन सवारी बैठकर वाहन चलाने वाले, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, इसलिए यातायात नियमों का पालन करते वाहन चलाया जाए और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना योगदान दिया जाए।

संजय यादव ने बताया कि बड़े वाहनों पर भी लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई निश्चित है। यातायात नियमों का पालन करते अपना और अपने परिवारजनों को सुरक्षित रखें। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि होली त्यौहार को देखते हुए हमारे द्वारा लगातार यातायात व्यवस्था को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा लगातार गाड़ियों को चेक भी किया जा रहा है, ताकि कोई भी अप्रिय घटनाएं घटित ना हो।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शुभम बने अध्यक्ष



जेवरतला रोड़। ग्राम पिनकापार के शुभम देशमुख को भाजपा देवरी मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, मंडल महामंत्री राधे श्याम देवांगन का आभार व्यक्त किया है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. शशि कुमार देशमुख के सुपुत्र शुभम को जवाबदारी देकर पार्टी ने विश्वास जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में जागृत देवांगन, दिलेश्वर भुआर्य, लोकेश साहू, इंदु भुआर्य, अशोक देवांगन, लेखराम देवांगन, ओमप्रकाश कोसमा, नरेंद्र निषाद, पप्पू कौशिक, भगवान देवांगन, बीदम देवांगन, लोकेश देवांगन, सुकाल गांवरे, परस भुआर्य, संतोष टंडन, पिंटू मारकंडे, नितेश देवांगन, शंकर देवांगन, दिलबहार देवांगन, देशु देवांगन, उदराज देवांगन, श्रवन राजपूत, यशवंत राजपूत, जनक खरे, भागवत भुआर्य, कन्हैया रजक, बिरेंद्र देवांगन ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते नवनियुक्त अध्यक्ष शुभम देशमुख को बधाई प्रेषित की है।

## मुआवजा प्राप्त करने वालों के निर्माण तोड़े गए

# छुईखदान से दनिया मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

छुईखदान से दनिया मार्ग पर आज प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष सड़क निर्माण से पूर्व शासन द्वारा एडीबी के माध्यम से मकान मालिकों एवं कब्जाधारियों को जमीन खाली करने के एवज में मुआवजा प्रदान किया गया था। केसीजी कलेक्टर के आदेश के पालन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, थाना प्रभारी छुईखदान एवं निकाय कर्मचारियों की उपस्थिति में यह कार्रवाई संपन्न हुई। ज्ञात हो कि कुछ महीने पूर्व कलेक्टर के दौरे के दौरान नाली के ऊपर निर्मित अवैध अतिक्रमण को चार दिनों के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर निर्माण हटाने का आग्रह किया गया था। एक सप्ताह पूर्व प्रशासन ने मुनादी कराकर 23 फरवरी तक अतिक्रमण स्वयं हटाने की चेतावनी भी दी थी। आज प्रशासन जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचा। जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। कुछ अतिक्रमण तत्काल हटाए गए। जबकि कुछ लोगों को सीमित मोहलत देते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



### पत्रकारों को धमकी देने का आरोप

कार्रवाई से नाराज कुछ अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा मौके पर मौजूद पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने, गाली-गलौज करने और मारपीट की धमकी देने की जानकारी सामने आई है। इस घटना से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने प्रशासन से सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी

## जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी तालमेल की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ भगवती साहू की कार्यप्रणाली को लेकर सवालिया निशान उठा है। बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी सीईओ के व्यवहार से काफी नाराज हैं। हफ्ते में 2 या 3 दिन लग्जरी गाड़ी से राजनांदगांव से आना-जाना करने वाली सीईओ की स्थानीय ग्राम पंचायत एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल भी नहीं बैठ पा रहा है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि भाजपा नेताओं की उपर स्तर में शिकायत के बाद भी उक्त सीईओ को लेकर किसी प्रकार हल भी निकलते नजर नहीं आ रहा है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार और जनपद पंचायत भाजपा का वर्चस्व होने के बावजूद डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में कांग्रेस का विधायक होने के कारण कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की मोनोपल्ली संचालित होने की जानकारी सामने आई है।

### स्थानांतरण का खेल शुरू

वर्तमान महिला सीईओ के पदस्थ होने के बाद से जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत के सचिवों को जबरन दबाव डालकर स्थानांतरण करने का खेल भी शुरू होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों का हवाला देकर कुछ दलाल सचिवों से मोटी रकम कमीशन के रूप में भी मांग रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सब मामले की शिकायत भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने पार्टी स्तर पर उपर तक दी है, लेकिन वर्तमान सीईओ को ऊपर राजनीतिक संरक्षण होने के कारण उन पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनने से उनके हौसले और ज्यादा बुलंद हो चुके हैं।

# होली त्यौहार पर बाजार हो रहा गुलजार, अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

खड़गांव। ग्राम खड़गांव में आगामी भाईचारे का त्यौहार होली त्यौहार को लेकर जबरदस्त तैयारी की जा रही है। जिसके चलते रंग-गुलाल, पिचकारी, ताशा, चूड़ी कलर व अन्य सामानों का भरपूर स्टाक व्यापारियों द्वारा एकत्रित किया जा रहा है।

ग्राम खड़गांव के किराना व्यापारी तिलक साहू ने बताया कि इस वर्ष होली त्यौहार बहुत ही जबर्दस्त रहेगा, इसलिए हमारे द्वारा एक से बढ़कर एक रंगों के कलर लाए गए हैं। इसके अलावा हमारे यहां सभी रंग बिना केमिकल वाले हैं, जिसे लगाने पर चेहरे पर कोई भी साईड इफेक्ट नहीं होगा। व्यापारी देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां गुलाल और पिचकारियों की भरपूर रेंज उपलब्ध है। व्यापारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि हमारे यहां हर्बल गुलाल और एक से बढ़कर एक पिचकारी उपलब्ध है, जिसे देखकर दिल प्रसन्न और मन गदगद हो जाएगा। व्यापारी भीखम ने बताया कि बच्चों के लिए गुलाल के अलावा जबर्दस्त ताशा लाया गया है, जिसे बजाने से ऐसा लगता है, जैसे बच्चों द्वारा नगाड़ा बजाया जा रहा है। यादव किराना, सुरेंद्र राणा किराना, पाल किराना, डोगेंरे किराना, पूरन साहू किराना के व्यापारियों का कहना है कि बीते समय के अनुसार इस वर्ष रंग-गुलाल और पिचकारियों पर रेट पर इफाजा नहीं हुआ है। जिसके कारण इस वर्ष होली त्यौहार बहुत ही जबर्दस्त रहेगा।

### दो दिनों का मिलेगा अवसर

देशमुख किराना और पितांबर किराना व्यापारी ने बताया कि इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन ग्रहण लग रहा है। जिसके कारण इस बार दो दिनों का अवसर मिलेगा होली त्यौहार पर रंग-गुलाल बेचने का। जिसके चलते उम्मीद किया जा सकता है कि इस वर्ष बीते वर्ष से ज्यादा व्यापार रहेगा रंग-गुलाल और पिचकारियों का। व्यापारियों के अलावा भी वर्तमान समय पर उपभोक्ताओं में आगामी होली त्यौहार को लेकर बहुत ज्यादा खुशी भरा माहौल बना हुआ है, जिसे देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि इस वर्ष जबर्दस्त व्यापार के साथ होली त्यौहार मनाया जाएगा।

# जिले में संस्थागत प्रसव भरोसे की ढाल

- मां का आत्मविश्वास, शिशु की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित, सम्मानजनक प्रसव को बढ़ावा देने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में जन्म सहयोगी कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव व सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में उभर रहा है। कलेक्टर व जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रसव एक अत्यंत संवेदनशील, भावनात्मक क्षण होता है। कई बार महिलाएँ अस्पताल में प्रसव के दौरान मानसिक तनाव या अकेलेपन का अनुभव करती हैं। जन्म सहयोगी कार्यक्रम अंतर्गत सामान्य प्रसव के समय गर्भवती महिला अपनी पसंद की एक महिला परिजन जैसे माँ, सास, बहन या सहेली को प्रसूति कक्ष में साथ रख सकती है। इससे महिला का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रसव प्रक्रिया अधिक सहज, सुरक्षित व सकारात्मक अनुभव में परिवर्तित होती है।

### कार्यक्रम के प्रमुख लाभ

प्रसव अवधि में कमी व सामान्य प्रसव की संभावना में वृद्धि, प्रसव पीड़ा सहित भावनात्मक तनाव में कमी, अनावश्यक चिकित्सीय हस्तक्षेप में कमी, जटिल प्रसव व प्रसवोत्तर समस्याओं में कमी, अस्पताल सेवाओं के प्रति परिवार के विश्वास बढ़ाने को जिले के सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित चिन्हांकित उप स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रसूति कक्ष में गोपनीयता बनाए रखने आवश्यक व्यवस्था की गई हैं इसके अलावा प्रसूति कक्ष मे प्रवेश पूर्व जन्म सहयोगी को उसकी भूमिका व दायित्वों की स्पष्ट जानकारी दी जाती है। सभी गर्भवती माताओं से अनुरोध है कि वे नियमित प्रसवपूर्व जांच अवश्य कराएं और प्रसव हेतु शासकीय स्वास्थ्य संस्था का चयन करें। रहृष्ट के दौरान ही योग्य जन्म सहयोगी का चयन कर लेने से प्रसव के समय सुविधा सुनिश्चित होती है। जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला समूहों से भी आग्रह है कि वे घर-घर इस योजना की जानकारी पहुँचाएं और संस्थागत प्रसव के लिए परिवारों को प्रेरित करें।

### आपात स्थिति में तुरंत उपचार

संस्थागत प्रसव से स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट डॉक्टर व नर्स की निगरानी में सुरक्षित डिलीवरी संभव होती है। आपात स्थिति में त्वरित उपचार मिलता है, नवजात को तुरंत आवश्यक देखभाल व टीकाकरण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क जांच, उपचार, भोजन, दवाई सहित रेफरल सुविधा प्रदान की जाती है। हर माँ सुरक्षित हर शिशु स्वस्थ के संकल्प के साथ जन्म सहयोगी कार्यक्रम जिले मे विश्वास और सुरक्षा की मजबूत कड़ी सिद्ध हो रहा है।

# रश्मिदेवी महाविद्यालय में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- स्टार्टअप संस्कृति रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा रानी रश्मिदेवी सिंह महाविद्यालय में एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम मे महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में स्टार्टअप संस्कृति युवाओं के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही है। शासन की विभिन्न औद्योगिक नीतियां व योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना जिसमे अधिकतम 35 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है उसकी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी प्राचार्य द्वारा छात्रों को विनिर्माण का प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित करने के प्रस्ताव पर महाप्रबंधक द्वारा सकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया गया।

# मेयर ने किया शिवनाथ नदी व मटियामोती का निरीक्षण

## मटियामोती जलाशय व मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में पानी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने पर रॉ-वाटर प्रदाय करने मटियामोती जलाशय के अलावा मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में राजनांदगांव शहर के लिए पानी आरक्षित रखा जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सुनील साहू, सावन वर्मा एवं राजा माखीजा के साथ मोहारा शिवनाथ नदी एवं मटियामोती जलाशय का निरीक्षण कर नदी में रॉ-वाटर स्टोरेज की जानकारी ली।

महापौर श्री यादव मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर नदी में जलस्तर की जानकारी लेकर एनीकट के आसपास साफ-सफाई तथा फिल्टर प्लांट में ग्रीष्म ऋतु में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। प्लांट के तकनीकी अधिकारी ने जानकारी दी कि मोहारा एनीकट में वर्तमान में 4 फिट पानी कम हुआ है और प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मटियामोती जलाशय, मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में राजनांदगांव शहर के लिए पर्याप्त पानी रखने पत्र प्रेषित किया गया है। रॉ-वाटर कम होने की स्थिति में जलाशयों से पानी लिया जाएगा।



### प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी लिया जाएगा

महापौर श्री यादव ने कहा कि गर्मी बढ़ने की स्थिति में प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी लिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार चरणबद्ध पानी ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पानी लेने की स्थिति आने पर आवश्क तैयारी रखे, पानी छोड़ने के पूर्व नहर-नाली की सफाई कराएं। गर्मी में पेयजल सप्लाई प्रभावित न हो इसके लिए अभी से तैयारी करें।

### 300 एमसीएफटी पानी सुरक्षित

इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर श्री यादव मटियामोती जलाशय का भी निरीक्षण कर पानी संग्रहण एवं राजनांदगांव शहर के लिए आरक्षित पानी के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारी से चर्चा की। अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मटियामोती जलाशय में राजनांदगांव के शिवनाथ नदी एनीकट मे रॉ-वाटर प्रदाय करने 300 एमसीएफटी पानी सुरक्षित रखा गया है। मांग अनुसार पानी प्रदाय किया जाता है।

## कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

# मन की बात युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करती है : गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

डोंगरगांव में मंडल भाजपा डोंगरगांव के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 131वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोंगरगांव के विभिन्न बूथों पर इसे सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनने भाजपा कार्यकर्ता व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को संबोधित करते पीएम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनियाभर से लोग शामिल हुए। उन्होंने एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को बेहद करीब से देखा तथा पीएम मोदी ने आगे कहा कि विदेश से आए मेहमान यह देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से हम प्राची ग्रंथों और प्राचीन इतिहास को संरक्षित कर रहे हैं। इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं का पता चला है। आधुनिक भारत में यह अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट थी।



देशवासियों को इस सफल समिट के लिए बधाई। एआई समिट पर पीएम मोदी ने कहा कि इस समिट में भारत ने 3 मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए हैं। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है। पीएम मोदी मन की चर्चा की।

### मन की बात देश को दिशा देने वाला मंच

श्री गांधी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन चुका है। उनके विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने पर कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, प्रदेशवासियों से अपील की कि वो सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी संस्करणों की मन की बात कार्यक्रम को सुने। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, स्वरूपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, संदीप जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, राजेन्द्र कंडरा, सुमित अग्रवाल, राहुल जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता सीए हीना मंगल के निवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

# भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में घासी महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव





भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन तथा प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक ठाकुर के निर्देशानुसार की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों की सूची जारी की।

जारी सूची के अनुसार जिला महामंत्री पद पर घासी साहू एवं मनीष सोनी की नियुक्ति की गई है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में आनंद साहू, निवेदन साहू, शिव बैलर एवं प्रतीक्षा भंडारी को दायित्व सौंपा गया है। जिला मंत्री पद पर श्यामसुंदर साहू, भोजराम वर्मा, किशोर यादव, गोपी प्रसाद देशमुख एवं भरत सिंह राजपूत की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर भावेश वर, प्रवक्ता महेश साहू, मीडिया प्रभारी सतीश यादव एवं सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सोनवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

जिला किसान मोर्चा द्वारा जिले के सभी 16 मंडलों में अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा भी कर दी गई है। साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची भी जारी की गई है। किसान मोर्चा से संबंधित सभी 6 प्रकल्पों की घोषणा करते संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 6 प्रकल्पों के संयोजक जिसमें एफपीओ गठन कृषि उद्यानिकी एवं सब्जी उत्पादन के संयोजक ओपी सिंह एवं भू-राजस्व सुधार सौर ऊर्जा व बायोगैस प्रकल्प के संयोजक सुरेंद्र श्रीवास्तव, सहकारिता कृषि ऋण अनुदान योजना फसल बीमा पीएम धन धान्य कृषि रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प के संयोजक एसके सिंह, पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, कुकुट पालन, बकरी पालन, शुकर पालन के संयोजक महेश सोनी, विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण प्रकल्प के संयोजक सुरेंद्र कुमार ओझा, जैविक खेती अनुसंधान कृषि बागवानी पॉलीहाउस प्रकल्प के संयोजक हरगोविंद विजेवार घोषित किए गए। जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने कहा कि नवगठित टीम किसानों के हितों की रक्षा, केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठन विस्तार के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते अपेक्षा व्यक्त की कि सभी कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

छग महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम वासडी में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों की बी पी, शुगर, की जांच की गई। एवं बीमारियों से पीड़ित मरीजों का निशुल्क उपचार कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी बांटी गई। शिविर में राधे कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रमुख डॉ चेतन साहू के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने वासडी में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक वासडी सहित आस पास गांवों के ग्रामीणों का निशुल्क उपचार के साथ चिकित्सीय मार्गदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस दौरान हॉस्पिटल एवं चिकित्सकों का आभार ज्ञापित किया और समय समय पर इस तरह के शिविर आयोजित करने की बात रखी।

### श्याम फागुन महोत्सव 27 से

डोंगरगढ़। मां बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह 4 बजे श्याम प्रेमी मुकेश भूत के निवास से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मुकेश भूत के निवास पहुंचकर संपन्न होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह से भगवान खाटू श्याम का पूजन-अर्चन, धोक पूजा एवं आरती का आयोजन होगा।

## सार समाचार

### भाई-बहनों ने किया साफ-सफाई



**राजनांदगांव।** सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से प्रोजेक्ट अमृत मिशन के तहत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज को बल देते 22 फरवरी को सुबह 8 से 11 बजे तक सेवा की गई। सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार जहां भारत देश के 1500 शहरों में सेवा दल के भाई-बहनों द्वारा साफ-सफाई का आयोजन किया गया। इसी योजनांतर्गत राजनांदगांव में ही श्री पिंजरापोल मुक्तिधाम लखोली में भी निरंकारी मिशन के लगभग 150 सेवा दल भाई-बहनों संयोजक रूपलाल राजवानी की अगुवाई में साफ-सफाई की गई। तत्पश्चात मुक्तिधाम के छोटे हॉल में सत्संग का आयोजन भी किया गया, जो बलीराम साहू की हजुरी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख ने सफाई में हाथ भी बढ़ाया और बहुत अच्छा सहयोग भी दिया। पार्षद राजा माखीजा, प्रकाश वाधवानी, रघुवीर वाधवा, पार्षद शिव वर्मा, राजेश मिश्रा, हकीम भाई एवं नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी है।

### केन्द्रीय बजट पर परिचर्चा का आयोजन




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय बजट 2026-27 पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक और छात्र-छात्राए उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सुमीता श्रीवास्तव द्वारा बजट की मुख्य बातों पर प्रकाश डाला गया। बजट में आधारभूत संरचना के विकास पर ध्यान दिया गया। डॉ. मीना प्रसाद ने रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रावधानों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमारानी दुबे अतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। विद्यार्थी हेमराज ने बजट की विभिन्न मदों को, प्रियदर्शनी ने सार्वजनिक आय के स्त्रोतों, निशा ने सार्वजनिक व्यय की मदों, दुर्गेश्वरी ने रेल बजट एवं छाया ने बजट के प्रकार के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन गणेशी द्वारा किया गया।

### शिवाजी महाराज की मनाई गई जयंती



**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती स्थानीय शिवाजी पार्क में मनाई गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष, शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा पर प्रकाश डालते कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर भारत की संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा की। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रभक्ति, साहस और संगठन की शक्ति का संदेश देते हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि हिंदू जागरण मंच समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए सतत कार्य करता रहेगा। अंत में उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था में संगठन के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, हेमलाल ढीमर, सविता बोस, मौसमी शर्मा, जुगल गुप्ता, संजय सरोदे, हरीश भानुशाली, आशीष तिवारी, राजू साहू, आनंद गुप्ता, भोला यादव, दिनेश झूलन, रोहित यादव, विष्णु सिन्हा, टिंकू सोनी, कालू सेन समेत अन्य लोग शामिल थे।

### कैट ने मंत्री से मिलकर की बजट के लिए चर्चा



**राजनांदगांव।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ बजट के लिए सुझाव सौंपा। जिला संगठन ने विशेष रूप से कृषि आधारित उत्पादों, मंडी टैक्स में राहत तथा स्थानीय-स्वदेशी व्यापार को संरक्षण देने पर प्राथमिकता देने की मांग की है। सीएआईटी के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल, राजेश जैन, ललित भंसाली एवं लक्ष्मण लोहिया ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी कि कैट प्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी बजट में कृषि आधारित उत्पादों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। कैट ने कहा कि "आगामी बजट में मंडी टैक्स में छूट देकर भी व्यापार को बड़ा लाभ दिया जा सकता है। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## पृष्ठ 9 के शेष

### 1.49 करोड़ की...

पूछताछ पर आरोपियों का संपर्क काठमांडू नेपाल के लोगों से होना और उनके साथ मिलकर प्रार्थी के साथ ठगी किया जाना पता चला है। अपराध में संलिप्तता पुख्ता होने पर सभी आरोपियों को स्थानीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रॉजिट रिमांड प्राप्त कर कड़ी सुरक्षा में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी लाया गया।

### पैसे निकालने बैंक पहुंचने...

20 वर्षों से लंबित है। वर्तमान में क्षेत्र के हजारों किसानों और बुजुर्गों को अपने ही पैसे निकालने या खाद-बीज के काम के लिए 15-20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। पिछले कई सालों से यह मांग उपेक्षित है, जब अभिषेक सिंह सांसद थे, तब उन्होंने बैंक खुलवाने का भरोसा क्षेत्रवासियों को दिया था, पर यह मांग अभी तक लंबित है। कई सरकारें आई और गई, लेकिन चारभांठा की फाइल धूल फांक रही है।

### चिटफंड कंपनी एवीएम...

कार्रवाई की मांग की गई। निवेशकों के धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कंपनी के डायरेक्टर जमीनों को अपने रिश्तेदारों के नाम पर कर रहे हैं। जमीनों को अन्य लोगों को बेच भी रहे हैं। ऐसे में तत्काल उनके जमीनों की बिक्री पर रोक लगाई जाए। धरना प्रदर्शन करने पहुंचे एक बुजुर्ग निवेशक ने प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रोते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सारी पूंजी इस कंपनी में जमा कर दी थी। अब उनकी नातिन विवाह योग्य हो रही है, लेकिन रुपए नहीं लौटाए जा रहे हैं।

## भाजपा की कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

# 'एआई' सहित 14 विषयों पर मंथन सभी बूथ तक पहुंचेंगे डिजिटल कैडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ हुआ। चार सत्र में आयोजित कार्यशाला में जिलेभर के शीर्ष नेता, अपेक्षित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। भाजपा ने कार्यशाला में संगठन, सरकार और चुनावी रणनीति को एकसूत्र में पिरोते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को बूथ प्रबंधन से लेकर वैचारिक प्रशिक्षण तक को केंद्र में रखा।

प्रशिक्षण के दौरान विकास, विचारधारा, नमो एप, सोशल मीडिया और एआई आधारित सरल एप के जरिये कार्यकर्ता तंत्र को तकनीकी रूप से सशक्त कर राष्ट्र के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने की व्यापक रणनीति पर मंथन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती के सामने दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यशाला की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रखी। वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने किया। कार्यशाला में सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, तरूण लहरवानी, रविन्द्र वैष्णव, बंटी लाल, मूलचंद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू सहित सभी मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के आपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विकसित राष्ट्र का करेंगे निर्माण : चौधरी

इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी महासमुंद ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। प्रशिक्षण, अनुशासन और समर्पण के साथ हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ एवं सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने की।

### नवाचार से मजबूत होगा संगठन : तेजपाल शर्मा

दूसरे सत्र में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अवधेश जैन ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण महाभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे चरण की अध्यक्षता शताब्दी पांडे ने की। इसी तरह तृतीय सत्र में तेजपाल शर्मा ने प्रशिक्षण में नवाचार की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शिरकत की। यह सत्र जिज्ञासा और समाधान विषय पर आधारित रहा।

### प्रशिक्षण से होगा बौद्विक विकास : पांडे

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है। जिससे कार्यकर्ताओं का बौद्धिक और वैचारिक विकास होता है। श्री पांडे ने पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक समरसता विषय पर सारगर्भित संबोधन दिया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने की।

### कांग्रेस का नंगा नाच शर्मनाक : कोमल

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि वैश्विक एआई समिट में देश की छवि धूमिल करने की नीयत से कांग्रेस ने जो नंगा नाच किया, उसे पूरे देश ने देखा। समिट में मौके पर मौजूद आम लोगों ने कांग्रेसियों के नंगे नाच का तगड़ा जवाब दिया। आम जनता कांग्रेस के इस कृत्य से बेहद आक्रोशित है। कांग्रेस की इस घटिया मानसिकता को लोगों के सामने उजागर करना है।

## उदित मुनि नाम साहब के आगमन की तैयारी में जुटा समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम सिंघोला में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा से पूज्य पंथ हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पूज्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक के बाद जिले के ग्राम सिंघोला में प्रथम आगमन होने जा रहा है।

समाज के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने बताया कि यह आयोजन सिंघोला के भुवनेश्वरी माता धरा धाम मिनी स्टेडियम में 10 एवं 11 मार्च को नियत किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर सुरगी एवं सिंघोला परीक्षेत्रीय एवं जिलेभर के कबीर पंथी समाज द्वारा तैयारी की जा रही है। कबीर कुटी में आयोजित बैठक में तैयारी की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रमोद साहू एवं अध्यक्ष भागवत साहू, जिला साहू समाज एवं क्षेत्र के महंतगण घनश्याम साहेब, लिल दास साहेब, सतानंद साहेब, ग्रामीण एवं जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू, महेश साहू, यादराम साहू, प्रकाश साहू सहित जिलेभर के पदाधिकारीगण बैठक में शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने एकजुट होकर कार्य करने अपील की गई।

## गंजपारा स्कूल की बदलेगी तस्वीर

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला गंजपारा इंग्लिश मीडियम इगनाईट में निर्माणाधीन मॉडल क्लास का महापौर मधुसूदन यादव ने आज निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली।

अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, कक्षाओं के उन्नयन, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में प्रारंभ हुए कार्यों का पुनः निरीक्षण करने महापौर मधुसूदन यादव आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा एवं वार्ड पार्षद रवि सिन्हा के साथ मौके पर पहुंचे। उप अभियंता अनूप पाण्डे ने बताया कि वाल पुट्टी व बाथरूम मरम्मत कार्य प्रगति पर है, विद्युतीकरण पूर्ण हो चुका है तथा टाईल्स लगाना व पोताई कार्य शेष है।



### गुणवत्ता से करें काम : मेयर

महापौर श्री यादव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तथा उप अभियंता को सतत मानिटरिंग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि गंजपारा विद्यालय को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे वार्ड सहित आसपास के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके।

## महापौर ने टेबल कैलेंडर का किया विमोचन

- फेडरेशन को टेबल कैलेंडर 2026 के विमोचन पर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निवास पर सुबह पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की।

प्रतिनिधि मंडल ने शासकीय सेवकों के हितार्थ एवं सुलभ संदर्भ हेतु प्रकाशित नववर्ष के टेबल कैलेंडर 2026 का महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से विमोचन करवाकर इसकी प्रति उपस्थित शिक्षक बंधुओं को वितरित की। प्रतिनिधि मंडल में फेडरेशन के प्रांत संयोजक मनीष कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला पदाधिकारीगण बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा, उमेश देशलहरा, राजेश पंचभाई, डीशम प्रसाद तिवारी, खिलावन निर्मलकर, रूपचंद बिदानी, हीरालाल शबर, इंद्रकुमार सिन्हा, फग्गूलाल साहू, रामकुमार सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। महापौर मधुसूदन ने टेबल कैलेंडर 2026 को शासकीय सेवकों के लिए उपयोगी एवं संकलनीय बताते इसकी सराहना की और उपस्थित प्रतिनिधिमंडल को कैलेंडर के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं दी।

## नाटक 'वो एक रात' की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा शहर के गांधी सभागृह में 22 फरवरी को शाम 7 बजे नाटक ''वो एक रात'' का मंचन किया गया। जिसके लेखक व निर्देशन शहर में प्रसिद्ध रंगकर्मी रितेश सिंगाडे द्वारा किया गया है। नाटक की अवधि 1 घंटा थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव तथा आमोद श्रीवास्तव रिटार्यड बैंक अधिकारी व रंगकर्मी तथा सदेश यादव हास्य लोक कलाकार व पंकज सोलंकी राजनांदगांव मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के युवा कलाकार सोमन भुआर्य के निधन पर अतिथियों व कलाकारों तथा दर्शकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पत्रकार अतुल श्रीवास्तव, राजू सोनी व अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।



नाटक ''वो एक रात'' हाल ही में राजस्थान व छिंदवाडा (मध्यप्रदेश) में नकली कप सिरप से मरे उन बच्चों के घटना से प्रेरित होकर लिखा गया है, नाटक वो एक रात एक गरीब मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी है, जो दो वक्त की रोटी के साथ अपने परिवार में खुश है, किंतु देश में बिक रहे नकली कप सिरप से उसके बच्चे की मौत हो जाती है और वहां से शुरू होता आम आदमी न्याय के प्रति गुस्सा। जिसके चलते वह परिवार एक हाईकोर्ट के जज को अगवा कर, अपने घर में बंधक बनाकर रखता है और वर्तमान न्याय व्यवस्था का आईना दिखाता है। कानून व्यवस्था पर कटाक्ष करता है। कानून की कमियों को उजाकर करने का कार्य करता है। नाटक ''वो एक रात'' न्याय व्यवस्था की दुहाई देते अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते अमूल चूल परिवर्तन की मांग करता है और सशक्त कानून बनाने का समर्थन करता है, ताकि लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था पर बना रहे।

नाटक में मुख्य पात्र के रूप में देवेश वर्मा, ज्योति वांडे, आनंद तिवारी और नवीन निर्मलकर ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया तथा नाटक का संगीत व प्रकाश व्यवस्था रीना सिंगाडे व ऋषभ सिन्हा ने दिया है। मंच सज्जा फहीम व संकल्प तिवारी ने किया। ध्वनि व्यवस्था नागेश पठारी ने संभाला। नाटक ''वो एक रात'' 1 मार्च को इंदौर में सूत्रधार राष्ट्रीय स्तर के नाटय प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देगा।

## विश्व चिंतन दिवस के रूप में जन्मदिवस को मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्काउट के जनक बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन के जन्मदिवस 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस के रूप में बौद्ध विहार डोंगरगढ़ में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के मूल्यों एवं योगदान के लिए संगोष्ठी, मानव श्रृंखला, सामूहिक प्रतिज्ञा, स्काउट गाइड कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उमेश हथेल, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, विकासखंड अध्यक्ष दविंदर सिंह भाटिया, जिला आजीवन सदस्य संतोष खंडेलवाल, मिलन टेम्भूरकर, विकास अम्बादे एवं विनोद हथेल, जिला सचिव देवेन्द्र अम्बादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मुन्नालाल साहू, विकासखंड उपाध्यक्ष संगीता मिलन टेम्भुरकर, अरविंद सहारे, उर्मिला साखरे, इंदिरा साखरे, वीणा वासनिक, अजय गेड़ाम, विकासखण्ड सचिव डोंगरगढ़ रामलाल चंद्रवंशी, अपोल एक्का, विजय सरजारे, ठाकुरराम चंद्रवंशी, संतराम साहू, अजितेश, नरेश वर्मा, टीकम साहू, पुष्पा वर्मा, नरेश कंवर, चंद्रशेखर साखरे उपस्थित थे।









## सौगात : 2.75 करोड़ से बनेगी 4.55 किलोमीटर पक्की सड़क

# मेनरोड से तिलईभाठ तक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत मेनरोड से तिलईभाठ तक 2 करोड़ 75 लाख 34 हजार रुपए की लागत से 4.55 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। मेनरोड से तिलईभाठ तक सड़क निर्माण कार्य उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। वहीं सोमवार को ग्राम पंचायत तिलईभाठ में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नीतेश अग्रवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों से जिला विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और धार्मिक पर्यटन जैसे सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस सड़क के निर्माण से तिलईभाठ के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। पक्की सड़क बनने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियों, मरीजों और आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम मार्ग मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर लालाराम साहू, भूखन साहू, परदेसी पटेल, योगेश साहू, जलेश्वर वर्मा, कृष्ण साहू, लक्ष्मीकांत वर्मा, शिवचरण पटेल, रामखिलावन साहू, रामगुलाल पटेल, सुरेश पटेल, संतोष वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मोहन साहू, अवध यादव, प्रहलाद साहू सहित सहसपुर लोहारा क्षेत्र के समस्त ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### कवर्धा विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा



नीतेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार बड़े-बड़े विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कवर्धा विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और हर क्षेत्र में प्रगति दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। इससे जिले के लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। कवर्धा में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त अध्ययन का केंद्र बनेगा। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को बेहतर वातावरण, पुस्तकालय एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिलेगा।

# दौजरी में श्री रुद्र महायज्ञ कथा का आयोजन



■ श्रीरूद्र महायज्ञ कथा सुनने उमड़ी रही भक्तो की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दौजरी में इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर है। यहां श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से निर्मित विशाल यज्ञ भवन में श्री रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर ब्राह्मणों, ऋषि-मुनियों, साधु-संतों एवं विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जा रही है, जिससे पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा है। वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गांव में सुख-शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। मान्यता है कि जहां यज्ञ होता है, वहां 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इसी आस्था के साथ ग्रामीणजन अपने गांव, समाज और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए यज्ञ भवन की परिक्रमा कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है, वहीं रात्रि में श्रीकृष्ण लीला की मनमोहक प्रस्तुति श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद प्रदान कर रही है। यज्ञ स्थल पर भगवान शिव, माता पार्वती और श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत 18 को विशाल कलश यात्रा के साथ हुई, जो 28 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रतिदिन श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी तन-मन-धन से सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। पूरा गांव भक्ति भाव में लीन होकर धर्म और संस्कृति की अलख जगा रहा है।

### नवघटा में संगीतमय श्रीलक्ष्मी नारायण व श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

**हरिभूमि पिपरिया।** पिपरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम नवघटा में ब्रम्हाण्ड नायक भगवान श्री श्याम सुन्दर व आल्हादिनी शक्ति राधारानी की असीम कृपा से ग्राम नवघटा में नौ दिवसीय 20 से 28 फरवरी श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ व श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 फरवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का शुभारंभ किया गया। वहीं 21 फरवरी को गौकर्ण कथा, श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ कुंती स्तुति, परीक्षित जन्म, श्री सुकदेख प्राकट्य व 22 फरवरी को कपिलोपायान, सति चरित्र व 23 फरवरी को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र अजामिलोपाख्यान, 24 फरवरी को गजेन्द्र मोक्ष, वामनावतार श्रीरामावतार श्री कृष्ण प्राकट्य, 25 फरवरी को नंदोत्सव, श्रीकृष्ण बाल लीला श्री गोवर्धन पूजन, 26 फरवरी को रास पंचाध्यायी, कंस वध श्री कृष्ण रूखमणि मंगल व 27 फरवरी को विवाह वर्णन, सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, श्री भागवत पूजन चढ़ोत्री तथा 28 फरवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्ष सहस्त्रधारा स्नान, यज्ञपूर्णहुति के साथ सपन्न होगा। जिसमें श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ व संगीतमय श्रीमद्भावगत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा में भागवत एवं प्रवचन कर्ता वृंदावन धाम से सुश्री गोपिकेश्वरी देवी द्वारा भक्तजनों को कथा रसपान दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक कथा श्रवणपान कराया जाएगा। जिसमें यज्ञाचार्य पं सनत शर्मा ग्रामाचार्य, परायणकर्ता पं संदीप शर्मा, उपाचार्य पं घनश्याम शर्मा, पं राजू पाठक, पं प्रफुल्ल शर्मा है। वहीं आयोजक समिति समस्त ग्रामवासी नवघटा के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। जिस पर आयोजक समिति ने आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओ को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

# बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भारतीय दल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ही नहीं अपितु शिक्षकों के बहुमुखी विकास को भी प्रमुखता दी है। यही कारण है कि यहां के सुयोग्य शिक्षक देश में ही नहीं विदेशों तक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर ने इंडोनेशिया-इंडिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भाग लिया।



मीडिया प्रभारी हिंदी पीजीटी डॉ विजय कुमार शाही ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत ही नहीं बल्कि इंडोनेशिया में भी बॉल बैडमिंटन खेल की लोकप्रियता चरम पर है। इस वर्ष वहां इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसमें भारत की ओर से 10 खिलाड़ियों का दल प्रतियोगिता में शामिल हुआ, इसमें गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर भी इसका हिस्सा रहे। उन्होंने भारतीय दल में छत्तीसगढ़ का एकमात्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व किया। इंडोनेशिया में 13 से 19 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने इंडोनेशिया को 3-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक के साथ विजयी रहे। भारत की इस विजय में रामू सिंह ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो कि गुरुकुल सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। जिस पर शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने शिक्षक रामू सिंह को बधाई देते हुए कहा कि क्रीड़ा शिक्षक श्री ठाकुर ने हमारी आशा के अनुरूप प्रदर्शन कर भारत को विजयी दिलाई। वे भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र और देश का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे।

यहां यह बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य सम्मेलन में गुरुकुल के ही हिंदी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही जनवरी 2023 में भाग ले चुके हैं। क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर गुरुकुल के दूसरे शिक्षक हैं, जिन्होंने इंडोनेशिया के बाली में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष, समस्त निर्देशक, प्रशासक, व शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने इस महती उपलब्धि के लिए शिक्षक रामू सिंह ठाकुर को शुभकामनाएं दी।

# पेंड्रीकला में मां शाकंभरी उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



■ महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शाकंभरी उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें पटेल समाज एवं हरदिहा मरार पटेल समाज के तत्वाधान में आयोजित इस उत्सव में मां शाकंभरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। आदि शक्ति जगदंबा भवानी की कृपा से मुंगेली राज के पंडरिया परिक्षेत्र अंतर्गत इकाई समिति डोमसरा पड़की आश्रित ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में यह आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, कलश यात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों एवं गली-मोहल्लों से होकर गुजरी, जहां ग्रामवासियों ने जगह-जगह मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला की युवा सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर एवं पंचगण दिनेश चंद्राकर, नरेश पटेल, कुलेश कश्यप, दिलेश्वर गोस्वामी, विक्की चंद्राकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। सभी ने मां शाकंभरी को श्रीफल अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

जिस पर सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर द्वारा उत्सव में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। वे वर्षो से ग्राम के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देती रही हैं। पूजा-अर्चना का कार्य पंडित सागर तिवारी द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। पटेल समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से मां शाकंभरी उत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# स्थानीय बाजारों में अब बोहार भाजी मिलने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

देश के हर राज्य का खान-पान अपनी अलग पहचान रखता है और छत्तीसगढ़ भी इसमें पीछे नहीं है। यहां की भाजियों को खास पहचान मिली है, जो अपने औषधीय गुणों और पोषक तत्वों के लिए जानी जाती हैं। जिसमे लाल भाजी, पालक भाजी, चौलाई भाजी, मेथी भाजी जैसी कई स्थानीय भाजियां यहां काफी लोकप्रिय हैं। गर्मी के दिनों में मिलने वाली बोहार भाजी की आवक इन दिनों बाजारों में देखी जा रही है, जो 200-400 रूपए किलो ग्राम बिक रही है, विशेष रूप से पौष्टिक होती है। बोहार भाजी के फूल, कली और कोमल पत्तियां



गर्मियों के दिनों में मिलने वाली छत्तीसगढ़ की एक पौष्टिक सब्जी है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करती है, कफ और पेट के कीड़ों को नष्ट करने में सहायक है। यह शरीर को ठंडा रखती है, जोड़ों के दर्द से राहत देती है और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती है। बताया जाता है कि बोहार भाजी के सेवन से पाचन शक्ति को बढ़ाती है और पेट की समस्याओं, जैसे कीड़ों को दूर करने में बहुत सहायक होती है। यह कफ (खांसी) को कम करने में मदद करती है और श्वसन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। चिलचिलाती गर्मी के दौरान इसके सेवन से शरीर को शीतलता मिलती है। यह त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद कर सकती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद

### भोरमदेव कारखाना में पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की तृतीय सूचना जारी




**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की तृतीय सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने अपना शेष गन्ना जूस, बीज अथवा गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इस संबंध में कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं। कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 24 फरवरी 2026 तक कारखाना परिसर में पहुंचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात गन्ना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में कारखाना प्रबंधन किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति अथवा दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

# ग्रापं सिंघनपुरी में नई मतदाता सूची का प्रकाशन, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) कार्य पूर्ण होने के पश्चात नई मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन किया गया। भाग संख्या 162 के बूथ लेवल अधिकारी चंद्रप्रकाश घृतलहरे द्वारा मतदाता सूची तैयार किए जाने के बाद 23 फरवरी को ग्राम पंचायत भवन एवं गांव के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सूची चस्पा की गई। प्रकाशन कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरपंच मानकी बाई धुर्वे, उप सरपंच बलवंतीन बाई पटेल, कोटवार सरजू दास मानिकपुरी, सचिव दिलीप साहू, रोजगार सहायक प्रदीप धुर्वे तथा समस्त पंचगणों एवं महिला-पुरुष ग्रामीण मतदाताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बताया गया कि प्रकाशन से एक दिन पूर्व कोटवार द्वारा मुनादी कर ग्रामीणों को सूचना दी गई थी, ताकि अधिक से अधिक मतदाता उपस्थित होकर सूची का अवलोकन कर सकें। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा नाम जोड़ने, संशोधन एवं आपत्तियों की प्रक्रिया के बारे में भी समझाया गया। इस कार्यक्रम में मनोहर धुर्वे, रामजी पटेल, ध्रुव पटेल, होलीराम पटेल, संतोषी धुर्वे, लव कुमार रतनू, धर्मेंद्र, रामप्रसाद धुर्वे, विनोद धुर्वे, कृष्ण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित थें। नई मतदाता सूची के प्रकाशन से ग्रामीण मतदाताओं में उत्साह देखा गया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की भावना मजबूत हुई।

### भोरमदेव मंदिर पहुंचकर भोले बाबा की पूजा अर्चना कर लिया आर्शीवाद

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जिला पंचायत कबीरधाम पहुंचकर पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला पंचायत कबीरधाम के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सोमवार को भोरमदेव मंदिर पहुंचकर बाबा भोरमदेव की पूजा अर्चना करने के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर गोपाल वर्मा से सौजन्य मुलाकात भेंट की। तदुपरांत जिला पंचायत के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली। नव नियुक्त सीईओ जिला पंचायत ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री, राज्य शासन एवं कलेक्टर कबीरधाम के निर्देशानुसार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करना है। समय-



सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्यो से समग्र विकास की ओर बढ़ना लक्ष्य है। उन्होंने रोजगार, आजीविका एवं ग्रामीण परिवारों को उनका पक्का आवास समय पर मिले इसके लिए योजनाओं के बेहतर तालमेल से कार्य करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त सीईओ जिला पंचायत राज्य प्रशासनिक सेवा 2013 बैच के अधिकारी है तथा मूल पद अपर कलेक्टर है। इससे पहले अभिषेक अग्रवाल ने अपनी सेवाएं विभिन्न स्थान पर दी है। प्रथम नियुक्ति जिला महासमुंद में डिप्टी कलेक्टर के रूप में होने के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग पिथौरा, सरायपाली, कटघोरा, बोड़ला तथा अपर कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा, अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, उपसचिव गृह विभाग एवं अपर कलेक्टर जिला दुर्ग में पदस्थ रहे है। वर्तमान में सीईओ जिला पंचायत के रूप में अपनी सेवाएं कबीरधाम जिले में देंगे और आप बहुत जल्द भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग में पदोन्नत होने वाले हैं।



**खबर संक्षेप**

## जिपं के नवपदस्थ सीईओ ने संभाला कार्यभार


**कवर्धा।** जिपं के नवनियुक्त सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आज भोरमदेव मंदिर पहुंचकर बाबा भोरमदेव की पूजा अर्चना करने के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर गोपाल वर्मा से सौजन्य मुलाकात भेंट की। तदुपरांत जिपं के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली।

# बोर्ड परीक्षाओं के बीच डीजे और लाउडस्पीकर के शोर से छात्र परेशान, कार्रवाई की मांग

- जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश सहित जिले में इन दिनों छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। परीक्षार्थी बेहतर परिणाम के लिए दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी बीच शादी-विवाह के सीजन में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक डीजे एवं लाउडस्पीकर के उपयोग से विद्यार्थियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों का कहना है कि छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई तथा उपकरण जब्ती का प्रावधान भी है। इसके बावजूद जिला मुख्यालय कवर्धा सहित विभिन्न क्षेत्रों में देर रात तक तेज ध्वनि में संगीत बजाया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि देर रात तक होने वाले शोर-शराबे के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। परीक्षा के समय एकाग्रता अत्यंत आवश्यक होती है, लेकिन तेज ध्वनि के कारण नींद पूरी नहीं हो पा रही, जिससे तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि शिकायत के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।



### नियमों का कराया जाए पालन

अभिभावकों ने भी प्रशासन से नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, ऐसे में प्रशासन को विशेष संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। परीक्षार्थियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा परीक्षा अवधि में रात्रिकालीन ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए, ताकि विद्यार्थी शांत वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

**हादसा:** फेरी लगाकर बर्फ गोला बेंचने वाले ग्रामीण की मौके पर मौत

# भीषण सड़क हादसा, दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

कोदवागोडान में बीते रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। पुरानी दारू भट्टी मार्ग के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम कोदवा गोडान स्थित पुरानी दारू भट्टी मार्ग पर दोनों बाइक सवार तेज गति से आमने-सामने आ रहे थे।

बताया जा रहा है कि सड़क के मोड़ और तेज रफ्तार के कारण दोनों का संतुलन बिगड़ गया और भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे में जान गंवाने वाला युवक पेशे से बर्फ बेचने का कार्य करता था। वह रोज की तरह अपने काम के लिए निकला था, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद वह सड़क पर दूर तक घिसटता चला गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान होते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



### घायल ग्रामीण युवक की हालत नाजुक

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों और राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार को प्राथमिक उपचार देकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज किया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के नाम पता समाचार लिखे जाने तक मालूम नहीं हो सका था! पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर वाहन तेज गति से चलते हैं, जिससे पहले भी छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

# सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

साइकिल मिलने से बेटियों के लिए स्कूल आना-जाना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। उन्हें लंबी दूरी पैदल तय नहीं करनी पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। अब वे सुरक्षित, समय पर और बिना थके स्कूल पहुंच रही हैं तथा पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई और भविष्य के सपनों की ओर आगे बढ़ रही हैं। कवर्धा जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित सरस्वती साइकिल योजना एक सफल पहल साबित हो रही है। बीते दो वर्षों में जिले की 14,356 छात्राओं को इस योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में बालिकाओं को सीधा लाभ मिला है। पहले दूरस्थ वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को स्कूल पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। कठिन रास्तों और लंबी दूरी के कारण वे थक जाती थीं और कई बार पढ़ाई भी प्रभावित होती थी, जिससे कुछ छात्राएं स्कूल छोड़ने तक पर मजबूर हो जाती थीं। लेकिन साइकिल मिलने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। अब छात्राएं आसानी से और कम समय में स्कूल पहुंच जाती हैं। स्कूलों में उनकी उपस्थिति बढ़ी है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी पहले से अधिक हुई है।



छात्राओं का कहना है कि अब वे समय पर स्कूल पहुंचती हैं और थकान भी नहीं होती, इसलिए कक्षा में ध्यान से पढ़ पाती हैं। कई छात्राएं स्कूल के बाद घर के कामों में भी मदद कर लेती हैं और फिर पढ़ाई के लिए समय निकाल पाती हैं। अभिभावकों को भी अब अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर पहले जैसी चिंता नहीं रहती। आज कवर्धा जिले की सड़कों पर समूह में साइकिल चलाकर स्कूल जाती बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई मिसाल बन रही हैं। यह योजना केवल साइकिल देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों को शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना सच मायनों में जिले में बालिका शिक्षा को नई गति देने वाली एक सफल और प्रेरणादायक पहल बन चुकी है।

# ई ऑफिस से प्रशासनिक कार्यों में आएगी तेजी, बढ़ेगी पारदर्शिता

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में ई ऑफिस का एक दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण दो पालियों में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के सभी विभागों एवं कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली, ई-एचआरएमएस और स्पैरो पोर्टल से संबंधित बारीकियों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। ई-ऑफिस के अंतर्गत डिस्पैच, पत्राचार, नोटशीट, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग, ई-एचआरएमएस प्रणाली के तहत सेवा पुस्तिका, अवकाश, पदस्थापना आदि का ऑनलाइन प्रबंधन, स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि और मूल्यांकन प्रक्रिया, अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यालयीन प्रक्रियाओं को डिजिटल, पारदर्शी, त्वरित और पेपरमुक्त बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से सभी ने ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में डिजिटल और पारदर्शी बदलाव लाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त कलेक्टर विनय कुमार पोयाम, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा, राज्य शासन के मास्टर ट्रेनर्स सुश्री पूजा सेनपाल प्रोजेक्ट लीडर, सुश्री मुस्कान जादवानी प्रोजेक्ट इंजीनियर उपस्थित रहे।

# प्रदेश के एक लाख अस्सी हजार शिक्षकों व उनके परिजनों की नजर आज के बजट पर

- पूर्व सेवा गणना, क्रमोन्नति, कैशलेश चिकित्सा सुविधा सहित कई अपेक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश सरकार मंगलवार को अपना बजट पेश करने जा रहा है, जिस पर प्रदेशभर के एक लाख अस्सी हजार शिक्षकों व उनके परिजनों की नजर रहेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन के माध्यम से आए शिक्षक संवर्ग को पंचायत विभाग में शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन का प्रावधान करने की अपेक्षा व्यक्त किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षाकर्मी पद पर किए गए सेवा की गणना पेंशन के लिए नहीं करने से सैकड़ो शिक्षक बगैर पेंशन के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



जो शिक्षक आगामी समय में पेंशन के दायरे में आएंगे, उन्हें भी अनुपातिक व अत्यल्प पेंशन प्राप्त होगा। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय ने रमेश चन्द्रवंशी के डब्ल्यूपीएस 2255 व अन्य याचिकाओं में दिए निर्णय में पेंशन को एक कल्याणकारी योजना मानते हुए सेवा की निरंतरता, कर्तव्यों की प्रकृति, वेतन स्त्रोत, प्रशासनिक नियंत्रण, अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए कार्यपालिका को पेंशन के लिए स्पष्ट तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया है। अतः न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में हमें प्रदेश सरकार के इस बजट से संविलियन से पहले की सेवा को पेंशन योग्य सेवा मानने की अपेक्षा है। इसके साथ ही पूर्ण पुरानी पेंशन के लिए केन्द्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा का प्रावधान करने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत क्रमोन्नति के लिए दस साल की अर्हकारी सेवा को घटाकर पांच वर्ष करने, दस लाख रुपए तक कैशलेश इलाज की सुविधा देने तथा सन 2019 से केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते के लंबित अंतर राशि की भुगतान की अपेक्षा है।

# जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा



शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) एवं भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 25 फरवरी 2026, दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सक्रिय नागरिकता की भावना को सुदृढ़ करना है। युवा संसद के माध्यम से प्रतिभागियों को संसदीय प्रक्रिया, विचार-विमर्श की परंपरा और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व की व्यावहारिक समझ प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा प्रतिभागी शामिल होंगे, जिन्होंने माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है। चयनित युवा विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा लोकतांत्रिक संवाद की परंपरा को सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शन से युवाओं को लोकतंत्र के महत्व एवं उसकी सुदृढ़ता में युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरक संदेश प्राप्त होगा। यह जानकारी डॉ श्रीमती केएस परिहार प्राचार्या शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा एवं माय भारत कवर्धा आयोजन समिति ने जिले के समस्त युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जा सके।

## जिले के 2 खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ की सब जूनियर राष्ट्रीय टीम में चयन



**कवर्धा।** जिला व्हालीबाल संघ के कैलाश चन्द्रवंशी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिला व्हॉलीबाल संघ के 02 खिलाड़ी हर्षित मण्डावी एवं रेहान खान का सब जूनियर राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में चयन हुआ है। रायपुर के सप्रेशाला मैदान में गत दिनो सलेक्टशन ट्रायल का आयोजन हुआ था। जिसमें जिला कबीरधाम से 06 बालक सलेक्शन ट्रायल में शामिल हुआ थे। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छत्तीसगढ़ की 12 सदस्यीय टीम में हर्षित मण्डावी एवं रेहान खान का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ की टीम 24 फरवरी से 01 जनवरी तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित 46 वें सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैपियनशिप में भाग लेंगें। दोनों खिलाड़ियों एवं उनके कोच साजिद खान, कुमार चन्द्रवंशी, को जिला व्हालीबाल संघ के प्रमुख संरक्षक डॉ.एके श्रीवास्तव, सरंक्षक रवेल सिंह, अध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, सलाहकार विष्णु पाण्डेय, पवन यद्गु, चुनवा खान, संयोजक आदित्य श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अतुल देशलहरा, विनोद चन्द्रवंशी, संदीप चौबे, विजय चन्द्रवंशी एवं अन्य पदाधिकारीगण केवल चन्द्रवंशी, चन्द्रकांत तिवारी, नासिर खान, रामकृष्ण तिवारी, कपिल चन्द्रवंशी, राजेश धुर्वे, कैलाश चन्द्रवंशी, मिथलेश चन्द्रवंशी आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

**नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान**

# पराली जलाना प्रतिबंधित, किसानों से वैज्ञानिक विकल्प अपनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कबीरधाम के कृषि विभाग ने समस्त कृषक बंधुओं से खेतों में पराली (फसल अवशेष) न जलाने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फसल कटाई के बाद पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है और यह पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। विभागीय जानकारी के अनुसार पराली जलाने से वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है, मृदा की उर्वरता घटती है तथा खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा आग लगने की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों से इस प्रथा को पूरी तरह त्यागने का आग्रह किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक विकल्प अपनाने की सलाह दी है। इसके तहत हैप्पी सीडर एवं सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग, अवशेषों से कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट बनाना, मल्चिंग करना तथा पशु आहार के रूप में उपयोग करना शामिल है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में उपलब्ध सब्सिडी का लाभ उठाने को भी कहा गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि पराली जलाना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के तहत दंडनीय अपराध है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। कृषि विभाग ने जिले के सभी कृषकों से पर्यावरण संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य संवर्धन के लिए सहयोग करने तथा सतत कृषि पद्धतियां अपनाने की अपील की है ताकि पर्यावरण को संतुलित रखने और प्रदूषण को रोकने में मदद मिल सके।



# शैक्षिक भ्रमण में चिंतन दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत 22 फरवरी को स्काउटिंग मूवमेंट के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल व लेडी बेडेन पॉवेल के जन्म दिवस को स्काउटिंग जगत चिंतन दिवस के रूप में मानती है। इसी तारताम्य में दिनांक 22 फरवरी 2026 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर के स्काउट, गाइड, आदिवासी समुदाय के तीर्थ कहे जाने वाले कचारगढ़ (महाराष्ट्र) के शालेय शैक्षिक भ्रमण पर सेवा कार्य के रूप में स्वच्छता का संदेश देते हुए इस पवन स्थल की सफाई की तथा चिंतन दिवस मनाया। कार्यक्रम में आठ स्काउट, आठ गाइड स्काउट मास्टर इशाक मोहम्मद खान व गाइड कैप्टन चेतन मिश्रा, शीतला साहू के साथ मिलकर सेवा कार्य किए। शाला के 40 बच्चों ने भी इस कार्य में अपना सहयोग दिया। अपने शैक्षिक भ्रमण के कार्यक्रम में कचारगढ़ बाद डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन का लाभ लिया। बच्चों में श्रद्धा के साथ उत्साह देखते है बना जब कचारगढ़ की पहाड़ी की ट्रेकिंग के बाद मां बम्लेश्वरी की लगभग 1000 सीढ़ियां भी इनके आगे बौनी सी लगने लगी। शैक्षिक भ्रमण में शाला के प्रधानाचार्य शिवकुमार कामले, रामप्रसाद शर्मा व शिक्षकगण सेवकराम साहू, संजय धुर्वे, चंद्रभान ठाकुर तथा पालकगण व जनप्रतिनिधियों में राम्हू पटेल, रामचंद पटेल दायलू पटेल, केवल पटेल, चरण पटेल भी सम्मिलित हुए।

